रजिस्ट्री सं० डी-(डी)—73

REGISTERED NO. D-(D)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 21] नई दिल्ली, शनिवार, मई 24, 1975 (ज्येष्ठ 3, 1897)

No. 21] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 24, 1975 (JYAISTHA 3, 1897)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	395
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	737
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	675
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट	*
भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)	*
भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खंड 1—महालेखा परीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	3943
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	319
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	—
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विधिक अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	1197
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिस	85

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	395
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	73
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence.	675
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	*
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc., of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	*
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	*
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India ..	3943
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta ..	319
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	119
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	85

*Folio Nos. not received from the Govt. of India Press, Ring Road, New Delhi.

भाग I—खंड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़ कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनिमयों तथा आदेशों और संकेतों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1975

सं० 38-प्रेज़/75—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को उत्कृष्ट वीरता के लिए "कीर्ति चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. मेजर मोहिन्दर सिंह कादियां (आई० सी०-10416), जाट रेजिमेंट,

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—28 अप्रैल, 1973)

28 अप्रैल, 1973 को मेजर मोहिन्दर सिंह कादियां को विरोधी नागा दल के मुख्यालय पर छापा मारने के लिए एक धावा पार्टी का कमाण्डर नियुक्त किया गया था । इन्हे, नाकाबन्दी दलों द्वारा पार्श्वों में मोर्चा लेने के बाद, धावा बोलना था । जिस समय नाकाबन्दी दल अपने मोर्चे पर जा रहा था, विरोधी चौकन्ने हो गए और उन्होंने तुरन्त गोली चला दी । मेजर कादियां ने समझ लिया कि विरोधियों पर अचानक धावा बोलने वाली बात खत्म हो गई है और वे अब भाग निकलेंगे । अतः इन्होंने कैम्प पर तुरन्त धावा बोलने का आदेश दे दिया, यद्यपि अभी तक पूरा धावा दल इकट्ठा नहीं हो पाया था । जिस समय धावा दल विरोधियों के कैम्प पर हमला कर रहा था इन्होंने एक विरोधी को, पेड़ के पीछ से, अपने ऊपर गोली चलाते देखा । कूल्हे पर से गोली चलाते हुए, वह एकाएक उस विरोधी पर झपट पड़े और उसके सिर में गोली दाग दी । इस साहसपूर्ण कार्रवाई ने न केवल विरोधी नागाओ को बच निकलने से रोक दिया, बल्कि इसके फलस्वरूप उनके चार अफसर भी मारे गए जिनमे से एक स्वकथित ब्रिगेडियर भी था, और उनके हथियार, सामान तथा उपयोगी दस्तावेज़ भी पकड़े गए ।

इस कार्रवाई में मेजर मोहिन्दर सिंह कादियां ने उत्कृष्ट वीरता और दृढ़-संकल्प का परिचय दिया ।

2. श्री स्वर्ण सिंह बोपाराय,
उप आयुक्त,
फीरोजपुर ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—26 नवम्बर, 1973)

25 नवम्बर, 1973 की रात को, बघेल सिंह नामक एक व्यक्ति के लगभग 150 अनुयायियों ने, जो स्वचालित और अन्य हथियारों से लैस थे, उनके नेता के प्रति निष्ठा न रखने के कारण, आलमगढ़ गांव के निर्दोष लोगों पर हमला कर दिया । परिणामस्वरूप, 13 व्यक्ति मारे गए और 15 गम्भीर रूप से घायल हो गए । यह जघन्य अपराध करने के बाद, वे रात के अंधेरे में भाग निकले और पुलिस उन्हें अगले दिन सुबह ही पक्की रेलवे स्टेशन के पास ढूंढ़ पायी । जब इन्होंने देखा कि पुलिस ने इन्हें घेर लिया है तो वे कबरवाला गांव के पास एक फार्म-हाउस में घुस गए । इस फार्म-हाउस की बड़ी ऊंची चारदीवारी थी । स्थिति बहुत ही तनावपूर्ण थी और अपराधियों की संख्या पुलिस दल से कहीं अधिक थी । इसके अलावा उनके पास शस्त्रादि भी बहुत थे । अतः सेना को भी सतर्क कर दिया गया था कि आवश्यकता पड़ने पर, अपराधियों को काबू में लाने के लिए, वह सिविल प्राधिकारियों की मदद करने को तैयार रहे । श्री स्वर्ण सिंह बोपाराय, उप आयुक्त, फीरोजपुर, ठीक उस समय घटना-स्थल पर पहुंचे जबकि दोनों पक्ष खून-खराबे के लिए तैयार थे ।

श्री स्वर्ण सिंह बोपाराया गिरोह के नेताओं के साथ बातचीत करने के लिए उनके पास निहत्थे जाने के लिए स्वयं आगे आए ताकि उन्हें अपने-आप को पुलिस के हवाले कर देने के लिए राजी किया जा सके । श्री बोपाराय ने बड़ी होशियारी और समझबूझ के साथ बातचीत करके अपराधियों को हथियारों और गोला-बारूद सहित, पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए राजी कर लिया । उनके पास हथगोले, स्टेनगन, राइफलें, पिस्तौलें, बन्दूकें, किरपानें, भाले, चाकू तथा विभिन्न केलिबर के 4000 से अधिक कारतूस पाए गए ।

इस कार्रवाई में श्री स्वर्ण सिंह बोपाराय ने उत्कृष्ट साहस, सतर्कता तथा दृढ़-संकल्प का परिचय दिया ।

3. श्री जुहेतो स्वू,
कमाण्डेन्ट,
सीमा सुरक्षा दल ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—31 दिसम्बर, 1973)

सीमा सुरक्षा दल की एक बटालियन के कमाण्डेंट श्री जुहेतो स्वू ने नागालैण्ड में सीमा सुरक्षा दल की बहुमूल्य सहायता की । 1968 से वह अपनी जान को खतरे में डालकर छिपे हुए विरोधियों के खिलाफ कार्रवाइयों में लगातार मदद करते रहे हैं । इन्होंने विरोधियों के कैम्प ढूंढ़ निकालने में सफलता प्राप्त की

और उन पर कई छापे मारे जिसके परिणामस्वरूप कई विरोधी पकड़े गए और भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ । अपनी जान की परवाह न कर, इन्होंने अच्छी तरह प्रशिक्षित 175 विरोधियों के एक गिरोह को उनके नेता सहित पकड़ने में महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

इस प्रकार श्री जुहतो स्वू ने उत्कृष्ट वीरता, पहलशक्ति और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

4. जे० सी० 190062 नायब सूबेदार कल्याण सिंह, असम राइफल्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—31 जनवरी, 1974)

नायब सूबेदार कल्याण सिंह को छिपे हुए मिज़ो विरोधियों के उस स्वकथित नेता को पकड़ने के लिए भेजा गया जो उस क्षेत्र में कार्यरत था । सुरक्षा दल काफी लम्बे समय से उसकी तलाश में था । नायब सूबेदार कल्याण सिंह और उनके साथियों ने उसकी तलाश की और अन्ततः उसे एक गांव में पाया । इन्होंने उसे पकड़ने के लिए अपना जाल बिछाया । यद्यपि नायब सूबेदार कल्याण सिंह का दल संख्या में विरोधियों से कम था फिर भी इन्होंने आक्रमण कर दिया और विरोधी नेता को घायल कर उसे पकड़ लिया । उस क्षेत्र में कार्यरत कुख्यात विरोधी नेताओं में से जो एक नेता पकड़ा गया, उसका श्रेय पूर्णतः नायब सूबेदार कल्याण सिंह को ही है ।

इस कार्रवाई में नायब सूबेदार कल्याण सिंह ने उच्चकोटि के अनुकरणीय साहस और दृढ़-संकल्प का परिचय दिया ।

5. 5833405 हवलदार जोगेन्द्र सिंह सेन, वीर चक्र, गोरखा राइफल्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि— 24 अप्रैल, 1974)

हवलदार जोगेन्द्र सिंह सेन एक ऐसे गश्ती दल के सदस्य थे जिसे घने जंगल में स्थित विरोधी नागाओं के एक कैम्प पर छापा मारने का काम सौंपा गया था । 23/24 अप्रैल, 1974 की रात को, जबकि काले बादल छाए हुए थे, यह दल घने जंगल के एक दुर्गम भू-प्रदेश से होता हुआ बेस पर पहुंचा जहां से ऊपर की ओर विरोधियों के कैम्प को, केवल एक ही रास्ता जाता था । इस रास्ते का नागा विद्रोही भी इस्तेमाल करते थे और वहां पर उनका एक सन्तरी लगातार रहता था जिसकी चौकी के सही ठिकाने का पता नहीं था । हवलदार जोगेन्द्र सिंह सेन और दो जवानों को, इस मार्ग की रखवाली कर रहे सन्तरी को खामोश करने का काम सौंपा गया । इस काम के लिए उन्हें खड़ी चढ़ाई पर चुपके-चुपके रेंगते हुए चढ़ना था । इस बात को भली भांति जानते हुए भी कि उनकी जान जोखिम में है यह दल 20 मिनट तक रेंगते हुए ऊपर चढ़ता रहा और उन्होंने अचानक स्वयं को एक सशस्त्र विरोधी के सामने पाया जिसने कि एक पत्थर की आड़ ले रखी थी । दल में से एक उस सन्तरी पर टूट पड़ा और तभी पास के कैम्प से विरोधियों ने गोलाबारी शुरु कर दी ।

हवलदार सेन इससे विचलित नहीं हुए और वह धावा दल का इंतजार न कर, अपनी स्टेनगन से गोली चलाते हुए, उसी दिशा में झपट पड़े जहां से गोली चलाई जा रही थी । वह एक विरोधी पर टूट पड़े और उसे मार डाला । धावा दल तो अभी कैम्प की ओर बढ़ ही रहा था, जबकि हवलदार सेन विरोधी कैम्प में बेतहाशा हड़बड़ी मचाए हुए थे । उन्होंने एक और विरोधी को वहीं पर ढेर कर दिया और बाकी विरोधी कैम्प को छोड़-कर वहां से भाग निकले । कैम्प से सही हालत में चार हथियार गोलाबारूद, भण्डार तथा महत्वपूर्ण दस्तावेज़ पकड़े गए ।

इस कार्रवाई में हवलदार जोगेन्द्र सिंह सेन ने उत्कृष्ट वीरता, दृढ़-संकल्प तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

सं० 39-प्रेज़/75 —राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को वीरता के लिये "शौर्य चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. श्री रवि रतन पटेल,
सुरक्षा गार्ड,
राउरकेला इस्पात कारखाना,
उड़ीसा ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—28 जून, 1971)

27/28 जून, 1971 की रात को लगभग 2 बजकर 20 मिनट पर, छुरों से लैस, 4-5 अपराधियों के एक गिरोह ने, राउर-केला इस्पात कारखाने की इस्पात मेल्टिंग शाप के उप-भण्डार पर हमला किया । सुरक्षा गार्ड श्री रवि रतन पटेल ने शोर मचाया और लगभग 10 मिनट तक वह अकेले ही उन अपराधियों के साथ साहसपूर्वक जूझते रहे । उनके शरीर पर छुरे से कई चोटें आयीं । बाद में, कारखाने के कई कारीगर भागकर घटना-स्थल पर पहुंच गये और अपराधियों से भिड़ गये । श्री पटेल के सहासपूर्ण सघर्ष के कारण अपराधी वहां से कोई सामान नहीं ले जा सके ।

इस कार्रवाही में श्री रवि रतन पटेल ने अनुकरणीय साहस, दृढ़-संकल्प तथा उत्कृष्ट कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

2. श्री पलटन सिंह, (मरणोपरांत)
ग्राम टेन्टपोसी,
डाक० उपेरबाड़ा,
जिला मयूरभंज,
उड़ीसा ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—28 जून, 1971)

27/28 जून, 1971 की रात को लगभग 2 बजकर 20 मिनट पर, छुरों से लैस, 4-5 अपराधियों के एक गिरोह ने, राउ-केला इस्पात कारखाने की इस्पात मेल्टिंग शाप के उप-भण्डार पर हमला किया। उनका मुकाबिला सुरक्षा गार्ड श्री रवि रतन पटेल ने किया जिनके शरीर पर छुरे से कई चोटें आईं। हमले की बात सुनकर यांत्रिक अनुरक्षण कार्यालय में रिगर, श्री पलटन सिंह, चार्जमैन श्री शिकारपुर श्रीधर

जायस तथा कुछ अन्य कारीगरों के साथ, घटना-स्थल की ओर भागे। अपनी जान की परवाह न करते हुए, श्री पलटन सिंह ने अपराधियों को चुनौती दी। जब वह एक अपराधी को पकड़ने की कोशिश कर रहे थे तो उनके पेट में छुरा लगा जिसके परिणामस्वरूप बाद में उनकी मृत्यु हो गई। श्री पलटन सिंह के साहसपूर्ण संघर्ष के कारण अपराधी वहां से कोई सामान नहीं ले जा सके।

इस कार्यवाई में श्री पलटन सिंह ने अनुकरणीय साहस, दृढ़-संकल्प और उत्कृष्ट कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

3. श्री शिकारपुर श्रीधर जायस, (**मरणोपरांत**)
चार्जमैन, मैकेनिकल मैंटेनेंस कार्यालय राउरकेला इस्पात कारखाना, उड़ीसा।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—28 जून, 1971)

27/28 जून, 1971 की रात को लगभग दो बजकर 20 मिन्ट पर राउरकेला इस्पात कारखाने की इस्पात गलाई घर के उप-भण्डार पर छुरों से लैस 4-5 अपराधियों के एक गिरोह ने हमला किया। उनका मुकाबला भण्डार के सिक्यूरिटी गार्ड, श्री रवि रतन पटेल ने किया जिनके शरीर पर बहुत चोटें आयीं इस हमले की सूचना पाते ही मैकेनिकल मेंटेनेन्स कार्यालय के चार्जमैन, श्री शिकारपुर श्रीधर जायस तत्काल श्री पलटन सिंह तथा अन्य कर्मचारियों के साथ घटना स्थल की ओर दौड़े। अपराधियों ने श्री-पलटन सिंह को गम्भीर रूप से घायल करने के बाद भागने की कोशिश की। जब वे भाग रहे थे तो श्री जायस ने उन्हें पकड़ने का प्रयत्न किया लेकिन इन्हें भी घायल कर दिया गया और बाद में घावों के कारण इनकी मृत्यु हो गई। श्री जायस के साहसपूर्ण संघर्ष के कारण अपराधी वहां से कोई भी सामान नहीं ले जा सके।

इस कार्रवाही मे श्री शिकारपुर श्रीधर जायस ने अनुकरणीय साहस, दृढ़-संकल्प और उत्कृष्ठ कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

4. 8013568 पाइनियर रघुबीर सिंह,
कोर आफ पाइनियर,

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 जनवरी, 1973)

7 जनवरी, 1973 को प्रातः श्री नगर-लेह मार्ग पर स्थित एक कैम्प स्थल पर वायुवाहित हिम-स्खलन के कारण उस क्षेत्र में काफी नुकसान हुना। वायुवाहित हिम-स्खलन के विस्फोट से उड़ती हुई बर्फ, से अनेक बेरकें नष्ट हो गयीं और अपने पीछे विनाश और विध्वंस की एक ऐसी कहानी छोड़ गई जो इस कैम्प के पिछले दस वर्षों के इतिहास में कभी नहीं घटी थी। इसका सबसे अधिक असर बिल्डिगों पर पड़ा जो धराशायी हो गईं, इनमें हमारे सैनिकों की बिल्डिगें भी शामिल थीं। इन बिल्डिगों में से एक बिल्डिग में 15 व्यक्ति थे, जिनसे कुछ ही बाहर निकल सके और बाकी जो उसमें बुरी तरह फंसे हुए थे, सहायता के लिए चिल्लाने लगे। ऐसी स्थिति में पाइनियर रघुबीर सिंह, हिम-स्खलन से हुए नुकसान और खतरे की परवाह न करते हुए अकेले आगे बढ़े और उस बिल्डिग के अन्दर फंसे लोगों को बचा लाने के लिए हर सम्भव प्रयास करने लगे। इन्होंने अपने हाथों से ही लकड़ी की छत तोड़ डाली और किसी प्रकार अन्दर घुस कर दो व्यक्तियों को निकाल लिया। पास ही से सहायता के लिए एक सिविलियन चौकीदार की आवाज सुनाई पड़ी जो अन्दर की भारी छत के नीचे दबा पड़ा था। पाइनियर रघुबीर सिंह ने अपने कंधे से उस विक्षत भारी छत को ऊपर उठाया जिससे सिविलियन चौकीदार वहां से बाहर निकल सका। बाद में पाइनियर रघुबीर सिंह ने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर बाकी व्यक्तियों को बाहर निकालने में सहायता की लेकिन इनकी पूरी कोशिशों के बावजूद उन्हें जीवित नहीं निकाला जा सका।

पाइनियर रघुबीर सिंह ने उस समय भी बड़ी निर्भीकता का परिचय दिया जबकि घायल लोगों की देखभाल करने वाले डाक्टर को जान बचाने वाली दवाइयों, आक्सीजन सिलिन्डर तथा अन्य दवाइयों की तत्काल आवश्यकता थी और उन्हें नष्ट हुए एम० आई०रूम के अन्दर से लाना था और साथ ही उस समय कैम्प के चारों ओर वायुवाहित हिम-स्खलन की विनाश लीला चल रही थी।

सारी घटना के दौरान पाइनियर रघबीर सिंह ने अनुकरणीय साहस, पहलशक्ति और उत्कृष्ट दृढ़-संकल्प का परिचय दिया।

5. श्री मातबर सिंह सजवान,
ट्रैफिक अफसर,
इंडियन एयरलाइंस,
काबुल।

(**पुरस्कार की प्रभावी तिथि—1 मई, 1973**)

1 मई, 1973 को मोहम्मद खालिद नामक एक पाकिस्तानी युवक, जिसके पास ब्रिटिश पासपोर्ट था, भारत जाने के लिए टिकट खरीदने के बहाने काबुल स्थित इंडियन एयरलाइंस के दफ्तर में कई बार आया। जब वह शाम को 6 बजे आखिरी बार आया तो ट्रैफिक अफसर श्री मातबर सिंह सजवान, ने जो दफ्तर बन्द कर रहे थे, खालिद को बताया कि अब देर हो गई है और कोई काम नहीं हो सकता। लेकिन खालिद आगे बढ़ा और एकाएक उसने पिस्तौल निकाली। इससे विचलित हुए बिना श्री सजवान ने तत्काल निश्चय करके उसकी कनपटी पर चोट की और साथ ही उसके उस हाथ को मजबूती से जकड़ दिया जिसमें उसने पिस्तौल पकड़ रखी थी। खालिद ने तीन बार गोली चलाई लेकिन तीनों बार उसका निशाटनप चूक गया। श्री सजवान मे अन्त में उसे निःशस्त्र कर दिया और दफ्तर के बाहर लाकर उसे एक नाले में जा ाका। जैसे ही यह हुआ, आक्रमणकारी की जेब से एक बड़ा चाकू नीचे गिर पड़ा। सहायता के लिए चिल्लाने की आवाज सुन कर कुछ राहगीरों ने पुलिस बुलाई। पुलिस ने शीघ्र ही मौके पर पहुंच कर मोहम्मद खालिद को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ करने पर उसके तीन सहापराधियों के बारे में पता चला

जिन्हें बाद में काबुल के विभिन्न भागों में गिरफ्तार कर लिया गया।

जांच से ज्ञात हुआ कि मोहम्मद खालिद तथा उसके साथियों का उद्देश्य काबुल स्थित भारतीय राजदूत तथा भारतीय दूतावास के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की हत्या करना था और इसके लिए वे इंडियन एयर लाइंस के स्टेशन मैनेजर को बन्दूक दिखाकर राजदूत से मिलने के लिए परिचय-पत्र प्राप्त करना था।

इस कार्रवाई में श्री मातबर सिंह सजवान ने अनुकरणीय साहस, सतर्कता और उत्कृष्ट दृढ़-संकल्प का परिचय दिया।

6. कैप्टन थीटूपुराथु कृष्णन नायर सुकुमारन नायर (एस० एस० 23512), इंजीनियर्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि-25 जून, 1973)

25 जून, 1973 को कैप्टन थीटुपुराथु कृष्णन नायर सुकुमारन नायर, इंजीनियर रेजीमेंट की एक सैपर टुकड़ी के इंचार्ज थे। इन्हें एक ऐसे सुरंग क्षेत्र को साफ करने का काम सौंपा गया जिस पर लालियाली के दक्षिण पश्चिम ढलान पर पिम्पल स्थित पाकिस्तानी चौकी से स्वचालित हथियारों से मार हो सकती थी। अपनी कमान के सैनिकों में आत्म विश्वास पैदा करने के विचार से, सुरंगों को हटाने वाले पहले दल की कमान करने के लिए ये स्वयं आगे आये। पाकिस्तानी सेना ने सुरंगें बड़ी होशियारी से बिछायी हुई थी और उनके स्वचालित हथियार समय-समय पर गोलियां वर्षा रहे थे। इन्होंने सुरंगों को निष्क्रय करने का काम स्वयं अपने हाथ में लिया और खतरे की बिल्कुल परवाह न करते हुए इनके काम से प्रेरणा पा कर इनका दल अपना कर्त्तव्य सफलतापूर्वक पूरा कर पाया। लगभग 18 सुरंगों को निष्क्रिय करने के बाद ये लोग कुछ ऐसी सुरंगों के पास पहुंचे जिन्हें ढूंढ़ निकालना और उठाना सरल नहीं था। इस बार पुनः ये आगे आए और उन सुरंगों को ढूंढ़ निकालने और उन्हें निष्क्रिय करने में सफल हुए। लेकिन इसी बीच एक सुरंग के फट जाने से यह बुरी तरह घायल हो गये। इनके दोनों हाथ जाते रहे और पेट में भीतरी तथा का बाहरी चोटें लगीं।

इस कार्रवाई में, कैप्टन थीटुपुराथु कृष्णन नायर सुकुमारन नायर ने अनुकरणीय साहस और उत्कृष्ट दृढ़-संकल्प का परिचय दिया।

7. 190567 बटालियन हवलदार मेजर पेम्बा लामा, असम राइफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—12 जुलाई, 1973)

बटालियन हवलदार मेजर पेम्बा लामा, 10 जुलाई, 1972 को असम राइफल्स के एक गश्ती दल के सदस्य थे जिसे मिजो विरोधियों के एक छिपे स्थान को खोजने और उसे नष्ट करने का काम सौंपा गया था। इस स्थान की सूचना एक विरोधी ने ही दी थी जिसे छिपे विरोधी संगठन के लिये धन एकत्र करते हुए एक गांव में पकड़ा गया था। घने जंगलों, पहाड़ी इलाकों तथा तेज गति से बहने वाले नालों के बीच लगातार 20 घन्टे तक चलने के बाद गश्ती दल उस क्षेत्र में पहुंच गया और आक्रमण शुरू करने के लिये शीघ्र ही मोर्चा संभाल लिया। बटालियन हवलदार मेजर पेम्बा लामा तीन अन्य सैनिकों के साथ आगे बढ़े और शेष गश्ती दल ने उन्हें फायर से ओट दी। छिपे स्थान तक पहुंचने के लिये इस नान-कमीशन्ड अफसर और उसके सैनिकों को एक गहरी खाई के किनारे घने झाड़-झंखाड़ के बीच से खड़ी चट्टानों की सीधी ढाल पर से बड़ी सतर्कता पूर्वक गुजरना था। विरोधियों की ओर से होने वाली गोलीबारी की चिन्ता न करते हुए यह दल निर्भीकता के साथ तेजी से आगे बढ़ा। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए ये 15 फुट नीचे कूद पड़े और कैम्प के बीच जा घुसे, लेकिन तब तक गोली चलाने वाले विरोधी भाग चुके थे और वे अपने पीछे गोला बारूद, सामान तथा कुछ कीमती दस्तावेज छोड़ गए थे।

इस कार्रवाही में, बटालियन हवलदार मेजर पेम्बा लामा ने अनुकरणीय साहस और उत्कृष्ट दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।

8. 132756 राइफल मैन ढलक बहादुर ठाकुरी, असम राइफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 सितम्बर, 1973)

लांगचिंग ग्राम के निकट कुछ विरोधी नागाओं की मौजूदगी की सूचना पाकर असम राइफल्स की एक टुकड़ी को उनका पता लगाने और उनके छिपे स्थान पर हमला करने का काम सौंपा गया था। यह टुकड़ी 8 सितम्बर, 1973 को अपनी चौकी से निकली और सूर्य छिपने से पहले चांगलांग गांव के बाहर पहुंच गई। उन्हें विरोधियों के सही ठिकाने का जानकारी नहीं थी, लेकिन ऐसा संदेह था कि लांगचिंग की ओर पहाड़ी की ढलान पर बनी झोंपड़ियां में वे लोग छिपे हुए हैं। टुकड़ी को तीन सैक्शनों में बांट दिया गया। दो सैक्शनों की मुख्य टुकड़ी को पहाड़ी की ढलान से नीचे उतरते हुए इधर-उधर फैलकर उनकी खोज करनी थी। राइफल मैन ढलक बहादुर ठाकुरी इनमें से एक सैक्शन के साथ थे, जिसे दिन निकलने से पूर्व विरोधियों की खोज कर लेनी थी। खोज के दौरान, यह देखा गया कि नीचे ढलान पर बनी खेती झोंपड़ियों में से धूंआ निकल रहा था। झोंपड़ी की ओर बढ़ते हुए राइफल मैन ठाकुरी ने तीन विरोधियों को झोंपड़ी से बाहर निकल कर बच निकलने का प्रयास करते देखा। जब इन्होंने उन विरोधियों को रुकने और आत्मसमर्पण करने को कहा तो उन्होंने गोली चला दी। किंचित विचलित हुए बिना राइफलमैन ठाकुरी विरोधियों की ओर भागे और उनका पीछा किया तथा कुख्यात छिपे हुए विरोधी नेता ठुंगोकोन्याक को गोली मार कर धराशायी कर दिया। उक्त नेता पिस्तौल से लैस था। इस कार्रवाई से दो अन्य विरोधियों के अलावा कुख्यात छिपे हुए विरोधी नेता को मार डालने में यह टुकड़ी सफल हुई।

इस कार्रवाई में राइफल मैन ढलक बहादुर ठाकुरी ने अनुकरणीय साहस और उत्कृष्ट दृढ़-संकल्प का परिचय दिया।

9. जी/25592 ओ० इ० एम० मन्सूर खान,
जनरल रिज़र्व इंजीनियर फोर्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—13 अक्तूबर, 1973)

पूरे सिक्किम और पश्चिमी बंगाल के उत्तर में 11 से 13 अक्तूबर, 1973 तक भारी और लगातार वर्षा के कारण नदियों में बाढ़ आ गई थी और रांगपो के निकट राजकीय मार्ग का लगभग 1-1/2 किलोमीटर का हिस्सा पूरी तरह से बह गया था । गंगटोक तथा रांगपो के बीच सारा यातायात पूरी तरह से ठप्प हो गया था । यद्यपि रांगपोच नदी में भारी बाढ़ आयी हुई थी और टूटे हुए भाग अपनी जगह से खिसकते जा रहे थे, फिर भी वहां पर एक नई सड़क का निर्माण तत्काल किया जाना था । ओ० इ० एम० मन्सूर खान जिन्हें यह काम सौंपा गया था, यह जानते हुए भी कि गिरते हुए शिलाखण्डों और लगातार भूमि स्खलन से उनके जीवन को खतरा है इन्होंने बहुत ही कठिन और जोखिमपूर्ण स्थिति में लगातार मशीन चलायी और इस प्रकार सिक्किम और पश्चिमी बंगाल के उत्तरी क्षेत्र को जोड़ने के लिये राजकीय मार्ग पर यातायात शीघ्र पुनः चालू करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की ।

इस कार्रवाई में, ओ० इ० एम० मन्सूर खान ने अनुकरणीय साहस, पहलशक्ति और उत्कृष्ट दृढ़-संकल्प का परिचय दिया ।

10. मेजर जगरूप सिंह बरार (आई० सी० 14433),
राजपूताना राइफल्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—17 अक्तूबर, 1973)

मेजर जगरूप सिंह बरार, राजपूताना राइफल्स की उस बटालियन में थे जिसे मिज़ोरम में तैनात किया गया था। इन्होंने दो सशस्त्र विरोधियों को पकड़ा जो विरोधियों का तथा कथित राष्ट्रीय दिवस मनाने का प्रबन्ध कर रहे थे । इस तरह इन्होंने न केवल ऐसे समारोह की संभावना ही मिटा दी, अपितु पकड़े गये विरोधियों से की गई पूछताछ से छिपे हुए विरोधियों के एक छुपे हुए स्थान के बारे में भी पता चला। उस स्थान पर धावा करने के लिये यह आगे आए और इन्हें 25 व्यक्तियों के एक छापामार दल का नेतृत्व करने का काम सौंपा गया जिसे घने झाड़-झंखाड़ से ढके पहाड़ी रास्ते से उस भूभाग को पार करना था और एक नदी भी रास्ते में थी, जिसमें भारी मानसून के कारण बाढ़ आयी हुई थी । रात की 12 घन्टे की लम्बी और कठिन यात्रा के बाद छापामार दल अगले दिन संदिग्ध क्षेत्र में पहुंच गया ।

मेजर बरार ने अपनी टुकड़ी को चार दलों में बांट दिया, इनमें से दो को तो विरोधियों को रोकने के लिए घाट पर तैनात कर दिया गया और शेष दो को उनके कैम्प पर आक्रमण करना था, जो एक गहरे नाले के किनारे सीधी ढलवा पहाड़ी पर स्थित था । मेजर बरार एक जूनियर कमीशन्ड अफसर और एक सैनिक को साथ लेकर आगे बढ़े, और उधर दूसरे दल को भी उसी समय नाले के साथ-साथ आगे बढ़ना था । आक्रमण करने वाला दल सीधे कैम्प में जा घुसा और विरोधियों को स्तंभित कर दिया । जैसे ही विरोधियों के सन्तरी ने गोली बारी शुरू की, मेजर बरार ने अपनी स्टेन मशीन गन से गोलियां चलाते हुए कैम्प पर धावा बोल दिया । शीघ्र ही दूसरे दल ने भी गोली चला दी और विरोधी अपने पीछे काफी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद तथा मूल्यवान दस्तावेज छोड़कर भाग गए । आक्रमण के दौरान मेजर बरार की बांयी टांग में चोट लगी जबकि एक भागते हुए विरोधी ने अपनी ओर से इन पर आक्रमण कर दिया था ।

इस कार्रवाई में मेजर जगरूप सिंह बरार ने अनुकरणीय साहस, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया ।

11. जी/113970 पाइनियर साबू डेविड,
जनरल रिज़र्व इंजीनियर फोर्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—16 नवम्बर, 1973)

16 नवम्बर, 1973 की रात को लगभग 11 बजकर 15 मिनट पर जब पाइनियर साबू डेविड सन्तरी ड्यूटी पर था, तो भयानक हथियारों से लैस दो विरोधी नागाओं की इनसे मुठभेड़ हो गई। विरोधियों ने इन्हें धमकी दी कि यदि इन्होंने अपने कमांडिंग अफसर का अता पता यूनिट में रखे हथियार, गोलाबारूद और नकदी का सही ठिकाना नहीं बताया तो इन्हें जान से मार दिया जाएगा । निहत्थे पाइनियर साबू डेविड ने, उन्हें कोई बात नहीं बताई और उल्टे उनसे भिड़ गए और जोर से चिल्लाए । इस दौरान विरोधियों ने पाइनियर साबू डेविड को गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। और वे अन्य सन्तरियों को आते देख निकट के जंगल में भाग गए । इस प्रकार पाइनियर साबू डेविड की साहसपूर्ण कार्रवाई और उनका सामना करने से इन्होंने अपनी यूनिट की नकदी, हथियार गोलाबारूद तथा अन्य सामान को विरोधियों द्वारा लूटने से बचा लिया ।

इस कार्रवाई में, पाइनियर साबू डेविड ने अनुकरणीय साहस, दृढ़-संकल्प तथा उत्कृष्ट कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

12. जी० ओ०-1018 सिविलियन अफसर ग्रेड III,
अतीन्द्र नाथ गुहाठाकुर्ता, **(मरणोपरान्त)**
जनरल रिज़र्व इंजीनियर फोर्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—1 दिसम्बर, 1973)

1 दिसम्बर, 1973 को श्री अतीन्द्र नाथ गुहाठाकुर्ता, जनरल रिज़र्व इंजीनियर फोर्स के सिविलियन अफसर, लुंगलेह खजाने से सीमा सड़क कृतिक दल के मुख्यालय के लिये सशस्त्र गारद के साथ एक गाड़ी में लगभग 4.5 लाख रुपए की नकदी ले जा रहे थे । रास्ते में मिज़ो विरोधियों ने गाड़ी पर आक्रमण कर दिया । यद्यपि श्री गुहाठाकुर्ता विरोधियों द्वारा नजदीक से चलायी गई हल्की मशीन गन की गोलियों से गम्भीर रूप से घायल हो चुके थे, जिससे बाद में उनकी मृत्यु हो गई, इन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए रक्षक दल को आदेश दिया कि हर हालत में नकदी की रक्षा करें और उन्हें बचाने की चिन्ता छोड़ दें । इनकी इस वीरोचित कार्रवाई के परिणामस्वरूप अन्ततः नकदी बचा ली गई ।

इस प्रकार श्री अतीन्द्र नाथ गुहाठाकुर्ता ने अनुकरणीय साहस, दृढ़-संकल्प, और उत्कृष्ट कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

13. 181883 राइफलमैन कर्ण बहादुर गुरुंग,
असम राइफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 1—दिसम्बर, 1973)

राइफलमैन कर्ण बहादुर गुरुंग उस अनुरक्षक दल के एक सदस्य थे जिसे 1 दिसम्बर, 1973 को लुंगलेह से 23 मील दूर पावीपुई तक ले जाने वाली नकदी के साथ जाना था। नकदी सीमा सड़क यूनिट की थी और उसे स्टील के बक्से में बन्द करके एक जोंगा में रखा गया था। अनुरक्षक दल का कमांडर तथा 3 अन्य सैनिक जोंगा में बैठ गए, जबकि राइफलमैन कर्ण बहादुर गुरुंग 11 अन्य कार्मिकों के साथ 1 टन वाली अनुरक्षक गाड़ी में जा रहे थे। 1 दिसम्बर, 1973 को 3.00 बजे अपराह्न लुंगलेह छोड़ने के बाद, इस दल ने अभी लगभग 7 मील ही का फासला तय किया था कि सड़क के दोनों ओर कुछ ऊंचाई से विरोधियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जोंगा में सवार अनुरक्षक दल के कमांडर ने उनकी ओर अपनी हल्की मशीनगन साधी और जवाब में जोरदार फायर शुरू कर दिया। विरोधियों के ठिकानों के ठीक नीचे जोंगा रुक गई थी। उस समय तक जोंगा में सवार तीन व्यक्ति थे जो गम्भीर रूप से घायल हो चुके थे या किसी योग्य न रह पाये थे। अनुरक्षक दल के कमांडर जोंगा से बाहर कूद गए और एक नाली में पोजीशन ले ली और उन्होंने विरोधियों को जोंगा के पास जाने से रोकने का प्रयास किया। इसी बीच जोंगा की रक्षा करने वाली गाड़ी सड़क से हट गई और खड्ड में जा गिरी। गाड़ी में सवार सैनिक या तो घायल हो चुके थे, या बुरी तरह घबरा गये थे। ड्राइवर भी घबरा गया था और गाड़ी पर अपना नियन्त्रण खो चुका था। राइफलमैन कर्ण बहादुर गुरुंग गाड़ी से बाहर कूद पड़े और उन्होंने सड़क की बायीं ओर अपनी हल्की मशीनगन के साथ पोजीशन ले ली। एक अन्य राइफलमैन इनके पीछे आ गया और उसने भी इनके बायीं ओर अपनी पोजीशन ले ली। उन्हें ऊंचे स्थान पर बैठे विरोधियों को उलझाए रखने को कहा गया और राइफलमैन कर्ण बहादुर गुरुंग दोनों ओर नजर रखे रहे जिससे नकदी के पास आने वाले विरोधियों को रोके रखा जा सके। जब विरोधियों ने जवाब में भारी फायर शुरू कर दिया तो इन्होंने अपनी पोजीशन बदली और विरोधियों को उलझाये रखा। इनके दृढ़तापूर्वक भिड़े रहने से विरोधियों का मनोबल टूट गया और वे अपना उद्देश्य छोड़ कर अन्धेरे में भाग निकले। इन्होंने ऊंचाई पर जाकर तब भागते हुए विरोधियों तथा जोंगा पर नजर रखी। राइफलमैन कर्ण बहादुर गुरुंग ने इस प्रकार विरोधियों द्वारा नकदी को लूटे जाने से बचा लिया।

इस कार्रवाई में राइफलमैन कर्ण बहादुर गुरुंग ने अनुकरणीय साहस, दृढ़-संकल्प तथा उत्कृष्ट सतर्कता का परिचय दिया।

14. श्री तोखोबि तुकू,
असिस्टेंट कमांडेंट,
सीमा सुरक्षा दल।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—31 दिसम्बर, 1973)

श्री तोखोबि तुकू ने नागालैण्ड में एक कुख्यात विरोधी नेता और उसके दल को पकड़ने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इन्होंने अनेक अवसरों पर अपनी जानकी बाजी लगाकर छुपे विरोधियों पर छापा मारने वाले दस्तों का नेतृत्व किया। विरोधियों के विरुद्ध कार्रवाइयों की योजना बनाने और उन्हें संचालित करने में भी ये बड़े सहायक हुए जिसके फलस्वरूप भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र और गोलाबारूद पकड़ा जा सका।

श्री तोखोबि तुकू ने हमेशा अनुकरणीय साहस, दृढ़-संकल्प और उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया।

15. श्री बिहोई सेमा,
इन्स्पैक्टर,
सीमा सुरक्षा दल।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—31 दिसम्बर, 1973)

श्री बिहोई सेमा ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए विरोधी नागाओं के विरुद्ध अनेक सफल संक्रियाओं में और कुख्यात विरोधी नेता को पकड़ने में बहुमूल्य सहायता दी। उन्होंने विरोधियों के खिलाफ अनेक गश्ती दलों का नेतृत्व किया और उस क्षेत्र में जंगलों में फैले हुए बचे-खुचे प्रशिक्षित विरोधियों को पकड़ने में सहायक रहे।

इस प्रकार श्री बिहोई सेमा ने अनुकरणीय साहस, दृढ़-संकल्प और उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया।

16. श्री जेकिया सेमा,
इंस्पैक्टर,
सीमा सुरक्षा दल।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—31 दिसम्बर, 1973)

श्री जेकिया सेमा ने विरोधी नागाओं के खिलाफ अनेक कार्रवाइयों के संचालन में बड़ी सहायता दी जिसके फलस्वरूप कई विरोधी और भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र और गोला बारूद पकड़े जा सके। पूरी तरह से हथियारों से लैस एक कुख्यात विरोधी नेता को उसके गिरोह के 175 व्यक्तियों के साथ पकड़ने की योजना को कामयाब बनाने में श्री जेकिया सेमा बड़े सहायक रहे।

इस प्रकार श्री जेकिया सेमा ने अनुकरणीय साहस, दृढ़-संकल्प और उत्कृष्ट कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

17. 191025 नाइक न्यालू रेंगामा,
असम राइफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—31 जनवरी, 1974)

नाइक न्यालू रेंगामा विशेष गश्ती दल के सैकिन्ड इन कमांड थे, जिसे एक ऐसे कुख्यात विरोधी नेता को पकड़ने का काम सौंपा गया था जिसकी काफी समय से बड़ी तलाश थी। तादाद में गश्ती दल विरोधियों के गिरोह से काफी छोटा था। विरोधियों के गिरोह पर जब गश्ती दल ने हमला किया तो विरोधियों ने कमांडर पर आक्रमण कर दिया। यह देखकर

नाइक न्यालू रेंगामा ने तत्काल विरोधियों पर जोरदार धावा बोल दिया । एक को मार गिराया और अन्य विरोधी जंगल में भाग गए । इस वीरतापूर्ण कार्रवाई से नाइक रेंगामा ने न केवल अपने गश्ती दल के कमांडर की जान बचाई, जिसने की बाद में विरोधी नेता को पकड़ डाला, बल्कि विरोधियों को मार-भगाने में भी सहायक हुए जिससे वे अपने नेता को न बचा सके ।

इस प्रकार नाइक न्यालू रेंगामा ने अनुकरणीय साहस, पहल शक्ति, और उत्कृष्ट दृढ़-संकल्प का परिचय दिया।

18. जी/8125 डी० एम० ई० टीका राम,
जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—2 मई, 1974)

जी/8125 डी० एम० ई० टीकाराम को अप्रैल/मई, 1974 में मनाली-लेह सड़क पर बर्फ हटाने के काम पर लगाया गया था। इन्होंने रोहतांग दर्रे के बहुत निकट, जहां पर सामान्य तापमान शून्य से भी नीचे रहता है, जोखिमपूर्ण हिम-स्खलन स्थल पर काम किया । इन्होंने अत्यन्त जोखिमपूर्ण और एवं कठिन परि-स्थितियों में स्वेच्छा से 12 घंटे से ज्यादा काम किया जबकि उस क्षेत्र में कम दृष्टिगोचरता के कारण सामान्य कार्य समय 6 घंटे का ही रखा गया है। यह उनका दृढ़ संकल्प और पक्का इरादा ही था जिससे प्रेरित हो उन्होंने पांच दिन तक चलते रहने वाले अत्यन्त खतरनाक और भयंकर हिम झंझावत में काम किया। उनके अथक प्रयास, असाधारण कर्तव्यपरायणता और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा और आराम की बिल्कुल परवाह किये बिना काम करने के कारण ही सड़क बहुत थोड़े समय में ही यातायात के लिए खुल गई थी।

इस प्रकार डी० एम० ई० टीकाराम ने अनुकरणीय साहस, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्ट कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

19. जे० सी० 61395 सूबेदार इन्द्र सिंह गुरुंग,
असम राइफल्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 मई, 1974)

सूबेदार इन्द्र सिंह गुरुंग दर्नगांव में एक चौकी की कमान कर रहे थे । 30 अप्रैल, 1974 को उन्हें सूचना मिली कि विरोधियों का एक कैम्प हरतुलतलांग में है जो कि वहां से 55 किलोमीटर की दूरी पर लगभग 6,000 फुट की ऊंचाई पर था। तीव्र गति और चुपचाप तरीके से काम करने की जरूरत को देखते हुए, इन्होंने केवल रात्रि में ही उस ओर चल पड़ने का फैसला किया। इन्होंने अपनी चौकी से तत्काल 18 जवान इकट्ठे किये और संदिग्ध विरोधी कैम्प की ओर चल पड़े । रात-रात में ही गांवों से बचते-बचाते जंगल के रास्ते से बड़ी कठिनाई से निकलकर इनका दल 3 मई, 1974 को उस संदिग्ध स्थान पर पहुंच गया । विरोधियों का कैम्प सबसे ऊपर पहाड़ी पर स्थित था जहाँ पहुंचने के लिये खड़ी चढ़ाई चढ़नी थी । सूबेदार गुरुंग ने अपने दल को दो भागों में बांट दिया और विरोधियों को स्तम्भित करने के लिये उन्होंने आठ व्यक्तियों को साथ लेकर उन पर धावा बोलने की जोखिम उठाने का फैसला किया और शेष व्यक्तियों को पीछे छोड़ दिया।

कैम्प के निकट पहुंचने पर दल के सबसे आगे चलने वाले जवान ने विरोधियों को देखा जो भोजन पका रहे थे और अपने हथियारों को चट्टान के सहारे टिका रखा था । यह नहीं कहा जा सकता था कि कुछ अन्य विरोधी उस अहाते में इधर उधर न हों । विरोधियों को जीवित पकड़ने के विचार से, दल ने पोजीशन ले ली और सूबेदार गुरुंग और सबसे आगे जाने वाला जवान रेंगते हुए आगे बढ़े । इसी बीच दो विरोधियों की नजर उन पर पड़ गई । सूबेदार गुरुंग कूल्हे की स्थिति से गोलियां चलाते हुए बड़ी निर्भीकता के साथ तेजी से आगे बढ़े । इस मुठभेड़ में दो विरोधी मारे गए, और अन्य अपनी जान बचाने के लिए भाग गए और अपने पीछे शस्त्रास्त्र, गोला बारूद तथा कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज और चित्र छोड़ गए ।

इस कार्रवाई में, सूबेदार इन्द्र सिंह गुरुंग ने अनुकरणीय साहस, दृढ़-संकल्प और उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया ।

20. जी/2461/डी० एम० ई० बहादुर सिंह,
जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—9 मई, 1974)

जी/2461 डी० एम० ई० बहादुर सिंह अप्रैल/मई, 1974 में मनाली-लेह सड़क पर रोहतांग दर्रा पर 13,000 फुट की ऊंचाई पर बर्फ साफ करने के काम पर लगे हुए थे । लगातार हिम झंझावात और कड़ी सर्दी की परवाह न करते हुए इन्होंने अपना काम पूरा किया । यद्यपि कम दृष्टिगोचरता के कारण कार्य-समय को छः घंटे से भी कम रखा गया था, फिर भी श्री बहादुर सिंह ने लम्बे समय तक शून्य से भी नीचे के तापमान में गहरी और नरम बर्फ में बिना किसी मार्गदर्शक के काम किया । इनके द्वारा किया गया काम उनसे अपेक्षित सामान्य काम से कहीं अधिक था ।

इस प्रकार डी० एम० ई० बहादुर सिंह ने अनुकरणीय साहस, दृढ़-संकल्प और उत्कृष्ट कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

21. जी/1504 डी० एम० ई० जोगिन्दर सिंह,
जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—9 मई, 1974)

जी/1504 डी० एम० ई० जोगिन्दर सिंह को अप्रैल/मई, 1974 में रोहतांग कोकसर सैक्टर में 13,000 फुट की उंचाई पर मनाली-सरचू सड़क पर बर्फ को साफ करने के काम पर लगाया गया था । उस क्षेत्र में बर्फ 40 फुट से अधिक गहरी थी और तापमान शून्य से 10 डिग्री सेंटीग्रेड नीचे चला गया था । श्री जोगिन्दर सिंह जिस डोजर को चला रहे थे वह खराब हो गया । डोजर को नीचे मरम्मत के लिए लाने की बजाय उन्होंने वहीं ठहरकर दुहरी पारी में एक और डोजर पर काम करने का फैसला किया ताकि जो समय मशीन के बिगड़ जाने के कारण नष्ट हो गया, उसको पूरा किया जा सके । श्री जोगिन्दर सिंह जब दुहरी पारी पर ड्यूटी कर रहे थे तो उन्हें रात को देर तक अत्यधिक सर्दी में गहरी नरम बर्फ में बिना किसी मार्गदर्शक के, हिम-स्खलन पर काम करना पड़ा । उनके द्वारा स्वेच्छा से किया गया काम उनकी सामान्य ड्यूटी से बाहर होने के

कारण प्रशंसनीय था। उनके अथक प्रयत्न से ही रोहतांग दर्रा यातायात के लिए बहुत कम समय में ही खुल गया।

इस प्रकार डी० एम० ई० जोगिन्दर सिंह ने अनुकरणीय साहस, दृढ़-संकल्प और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

22. 1436216 सैपर दर्शन सिंह, (मरणोपरांत)
इंजीनियर रैजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—18 मई, 1974)

सैपर दर्शन सिंह जब एक इंजीनियर रैजिमेंट के साथ कार्य कर रहे थे, तब उन्हें एक अति महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया था। उन्होंने बड़े धैर्य, दृढ़-संकल्प और कर्त्तव्यपरायणता, के साथ कार्य शुरू किया और निर्धारित समय के भीतर उसे पूरा करने के लिए सतत प्रयास किये। इस काम को करते हुए उन्हे घातक चोट आयी और इस प्रकार उन्होंने एक महान बलिदान किया।

सैपर दर्शन सिंह ने अनुकरणीय साहस, दृढ़-संकल्प और उत्कृष्ट कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

23. 3368983 सिपाही जसवंत सिंह,
सिख रेजिमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—20 मई, 1974)

सिपाही जसवंत सिंह उस दल के सदस्य थे जिस को नागा विरोधियों के छुपाव स्थान का पता लगाने और उस पर छापा मारने का काम दिया गया था। दल को तीन भागों में बांट दिया गया था और छः स्टाप की योजना बनाई गई थी। दल दबे पांव दुर्गम मार्ग से सघन झाड़ियों से गुजरता हुआ 20 मई, 1974 को प्रातः वहां पहुंचा और उसने अपना मोर्चा संभाल लिया और एक निर्धारित समय पर धावा बोलने की योजना बनाई। किन्तु एक विरोधी की, जो अनेक बार पकड़े जाने से बच गया था, अप्रत्याशित और चकमा देने वाली वृत्ति के बारे में मालूम हो जाने पर निर्धारित समय से पूर्व ही विरोधियों पर धावा बोल दिया गया। धावा बोलने वाले तीनों दल एक साथ आगे बढ़े और धीरे-धीरे छुपाव स्थान तक पहुंच गए और केवल एक नाला ही बीच में था। बाईं ओर के सैनिकों को नाला पार करने का आदेश दिया गया। उसी समय अचानक तीन विरोधी छुपाव स्थान से भागे। दल के कमांडर ने गोली चलाने का आदेश दिया और भागने वालों में से एक विरोधी घायल हो गया, और बच निकलने के प्रयास में नाले में कूद पड़ा। सिपाही जसवंत सिंह एक क्षण का भी विलम्ब किए बिना उसकी ओर झपटे, उसे दबोचा और मार दिया।

इस कार्रवाई में सिपाही जसवंत सिंह ने अनुकरणीय साहस, दृढ़-संकल्प और उत्कृष्ट-सतर्कता का परिचय दिया।

24. जी/21198 एम० टी०/ड्राइवर करतार सिंह,
जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स। (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 जून, 1974)

6 जून, 1974 को सड़क निर्माण कम्पनी के एम० टी० ड्राइवर करतार सिंह को अपने सैक्टर इनचार्ज और अन्य कर्मचारियों को उत्तरी सिक्किम में मरम्मत किए जा रहे मौजूदा पहाड़ी मार्ग से होते हुए चुंगथांग से लाचुंग ले जाने का काम सौंपा गया था। जब ड्राइवर करतार सिंह एक नुकीले और खड़ी चढ़ाई वाले मोड़ को पार कर रहे थे तो अचानक उनकी गाड़ी खराब हो गई और उसके गियर और ब्रेक दोनों फेल हो गए और गाड़ी ने अचानक पीछे सीधी ढलाई की ओर पीछे हटना आरम्भ कर दिया। काफी कोशिशों के बावजूद एम० टी० ड्राइवर करतार सिंह न तो गाड़ी को नियंत्रण में ला सके और न उसे रोक ही पाये। यह देखकर कि गाड़ी नीचे की ओर लुढ़क रही है और उनका जीवन खतरे में है, उन्होंने अपनी सूझ-बूझ नहीं खोई और अन्य यात्रियों से चिल्ला कर कहा कि वे अपना जीवन बचाने के लिए गाड़ी से कूद जायें। यह वीर और कर्त्तव्यपरायण ड्राइवर सरलता से गाड़ी से कूद कर अपनी जान बचा सकता था, किन्तु गाड़ी को बचाने और अन्य यात्रियों की जीवन रक्षा के लिए वे अपनी जान पर खेल गए।

इस प्रकार एम० टी० ड्राइवर करतार सिंह ने अनुकरणीय साहस, दृढ़ संकल्प और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

कृ० बालचन्द्रन,
राष्ट्रपति के सचिव

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 30 अप्रैल 1975

सं० यू०-13019/7(i)/75-ए० एन० एल०—भारत सरकार के गृह मंत्रालय की तारीख 3 सितम्बर, 1974 की अधिसूचना सं० यू०-13019/9(iii)/74-ए० एन० एल० में आंशिक आशोधन करते हुए, राष्ट्रपति, यह निदेश देते है कि उक्त अधिसूचना में आए अंक और शब्द "31 मार्च, 1975 के स्थान पर "30 जून, 1975" पढ़ा जाए।

सं० यू०-13019/7(ii)/75-ए० एन० एल०—भारत सरकार के गृह मंत्रालय की तारीख 3 सितम्बर, 1974 की अधिसूचना सं० यू०-13019/9(iv)/74-ए० एन० एल० में आंशिक आशोधन करते हुए, राष्ट्रपति, यह निदेश देते है कि उक्त अधिसूचना मे आए अंक और शब्द "31 मार्च, 1975 के स्थान पर "30 जून 1975" पढ़ा जाए।

के० के० गुप्त, उप सचिव

विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 10 अप्रैल 1975

सं० क्यू०/पी० बी०/611/14/74—29-6-74 के भारत राजपत्र में विदेश मंत्रालय की अधिसूचना सं० क्यू०/पी० बी०/611/5/74 दिनांक 22-6-74 के अन्तर्गत प्रकाशित भारतीय विदेश सेवा (ख) सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा 1975 की नियमावली का शुद्धि पत्र:—

(1) नियमावली का नियम 4 नीचे लिखे अनुसार पढ़ा जाय :

"कोई भी भारतीय विदेश सेवा 'शाखा 'ख' का स्थायी अथवा नियमित रूप से नियुक्त अस्थायी

अधिकारी जो सामान्य संवर्ग के वर्ग 4 का हो या बीजांक उपसंवर्ग के वर्ग-II का हो या आशुलिपिकों के उप संवर्ग के वर्ग II का हो, यदि 1 जनवरी 1975 को नीचे दी गयी शर्तों को पूरा करता है तो परीक्षा मे सम्मिलित होने का पात्र होगा :—

